# समर्पण के साथ करें कार्य : राज्यपाल

## मंगुभाई पटेल ने की रेडक्रॉस प्रबंधन समिति के साथ चर्चा

**भोपाल, 14 फरवरी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने को लोकभवन के जवाहर खंड में रेडक्रॉस के मध्यप्रदेश शाखा की नवगठित प्रबंधन समिति के साथ चर्चा की. उन्होंने नवागत सदस्यों को सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ कार्य के लिए शुभकामनाएं दी.**

बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, विधि अधिकारी उमेश श्रीवास्तव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविन्द पुरोहित और रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, आईएएस (से.नि.) एवं जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह सहित प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद थे.



राज्यपाल पटेल को रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने रेडक्रॉस अस्पताल के प्रबंधन, ओपीडी संचालन, माहवार मरीजों की संख्या, जांच, विभिन्न मदों से प्राप्त आय और व्यय के संबंध में अवगत कराया. राज्यपाल पटेल ने कहा कि मरीजों के इलाज, जरूरी जाँच और व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाये. मरीजों की देखभाल से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं हमेशा पुख्ता रखें.

रेडक्रॉस राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, आईएएस (से.नि.) ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मागदशर्न में रेडक्रॉस सोसायटी को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई गति प्राप्त हुई है. उनके नेतृत्व में दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंचकर सेवा कार्यों का विस्तार दिया गया है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है. डॉ. कुमरे ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी निरंतर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों की सहायता पहुंचाने का कर रही है.

# सीएम से मिले पीएम के प्रधान सचिव



**भोपाल, 14 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने शनिवार देर शाम समत्व भवन ( मुख्यमंत्री निवास ) में सौजन्य भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. मिश्रा ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी डॉ. मिश्रा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं बाबा महाकाल की प्रतिकृति स्मृति स्वरूप भेंट की.**

# महिलाओं ने गाए भगवान शंकर के भजन

▸ पीजीबीटी रोड स्थित शिव मंदिर में आयोजन

**भोपाल, 14 फरवरी. श्री प्राचीन शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में पीजीबीटी रोड स्थित भगवान शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पूर्व शनिवार को शिव-शक्ति महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में सुनीता आर्य, सरला परते, चंद्रकला साहू,विभा गरुड़,रचना राय सहित मातृशक्ति ने सुंदर व भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी.**



समिति के पदाधिकारियों शैलेंद्र साहू एवं भगवान दास ढालिया ने बताया कि विगत 20 वर्षों से यह तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन निरंतर आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने बताया 15 फरवरी रविवार को प्रात: काल से निरंतर पूजन-अर्चना एवं फलहारी प्रसाद वितरण.

> सोमवार 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे से महाआरती, इसके पश्चात समाज में निस्वार्थ सेवा भाव से सहयोग कर रही समितियों एवं प्रमुख पदाधिकारियों का सम्मान समारोह तथा दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन. समिति के शैलेंद्र साहू, भगवान दास ढालिया, पृथ्वीराज चौहान, अनिल साहू एवं शैलेश स्वामी आदि ने समस्त श्रद्धालु नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है.

# कुरीतियों को खत्म करने एकजुटता पर जोर

▸ गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**बैरसिया, 14 फरवरी. गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की बैठक सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में हुई. बैठक में सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने एकजुटता और गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के उत्थान पर जोर दिया गया.**

श्री महर्षि गौतम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चना कर बैठक की शुरुआत की. बैठक में नम्रता शर्मा ने कहा कि गुर्जर गौड़ ब्राह्मण संगठन बनाने का उद्देश्य समाज के लोगों तक पहुंचना है. बैठक में शिक्षा को



बढ़ावा देने, संगठन को मजबूत करने और समाज को एकजुट, 22 फरवरी को कार्यसमिति का गठन, आगामी कार्यक्रम की तैयारी एवं परिवार परिचय सम्मेलन व होली मिलन के विषय पर चर्चा की गई. बैठक को ओमप्रकाश दुबे ने भी संबोधित किया.

इस अवसर पर मीना दुबे, नम्रता शर्मा, संध्या दुबे, माया दुबे, जयश्री दुबे, सिया दुबे, कामिनी दुबे, शशि दुबे, हेमलता शर्मा, अंजनी शर्मा, श्याम मनोहर दुबे, रमेश दुबे, दीपक दुबे, विवेक उपाध्याय समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सोमेश्वर महादेव मंदिर को वर्षभर खोला जाए

**रायसेन.** स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रायसेन किला में विराजमान सोमेश्वर महादेव मंदिर को वर्षभर दर्शनार्थ खोले जाने की मांग की गई। इसके अलावा रमजान में दुर्ग परिसर में परंपरागत तोप संचालन पर पुनर्विचार की मांग की. इस संबंध में सोमेश्वर धाम मुक्ति मोर्चा ने शनिवार को नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस मंदिर को वर्तमान में वर्ष में केवल महाशिवरात्रि पर एक दिन के लिए दर्शनार्थ खोला जाता है.

# शिव-पार्वती को हल्दी और मेहंदी अर्पित

## महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर दादाजी धाम में आयोजन

**भोपाल, 14 फरवरी. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर शनिवार शाम 6 बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इस श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भगवान शिव एवं माता पार्वती को विधिवत हल्दी-मेहंदी अर्पित की गई, जो शिव-पार्वती के विवाहोत्सव का प्रतीक मानी जाती है. इसके बाद महिलाओं ने परस्पर एक-दूसरे को हल्दी-मेहंदी लगाकर मांगलिक परंपरा का निर्वहन किया.**

इस अवसर पर नर्मदेश्वर भगवान शंकर को महाकाल स्वरूप में सजाया गया. भगवान शिव एवं माता पार्वती को पीत (पीले) वस्त्र अर्पित कर धारण कराए गए. क्षेत्र की महिलाओं द्वारा बन्ना-बन्नी के मंगल गीत गाए जाएंगे. साथ ही भजन-कीर्तन के माध्यम से संपूर्ण वातावरण शिवमय एवं भक्तिरस से ओतप्रोत रहेगा. महाशिवरात्रि पर्व के मुख्य कार्यक्रम रविवार को प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में विशेष रुद्राभिषेक संपन्न होंगे.



> शाम 5 बजे से रथ, डीजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जो वर्धमान सिटी एवं पटेल नगर क्षेत्र का भ्रमण करेगी. महाशिवरात्रि की रात्रि में चारों प्रहर विशेष अभिषेक संपन्न होंगे. रात्रि 8 बजे से विश्व जनकल्याण, अमन-शांति एवं सुख-समृद्धि की मंगल कामना के साथ भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा.

## भोपाल के 253 हजयात्रियों का किया टीकाकरण

**भोपाल.** मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी द्वारा हज पर जाने वाले हज यात्रियों को टीके लगाने के साथ ही टीके लगाए जा रहे हैं. 13 फरवरी से शुरू हुआ टीकाकरण अभियान 17 फरवरी तक चलेगा. शनिवार को ग्राम सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन के पीछे एयरपोर्ट स्थित हज हाउस में भोपाल जिले के 253 हज यात्रियों को टीके लगाए गए. हज कमेटी की सीईओ डॉ. फरजाना गजाल ने कहा कि हज यात्री 17 फरवरी तक आवश्यक रूप से ओरल पोलियो डोज, टीकाकरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कवर नंबर, पासपोर्ट साइज की दो फोटो लेकर आएं एवं टीकाकरण कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें. यह प्रमाण पत्र हज यात्रा के दौरान होना अति आवश्यक है.

> हज हाउस में 17 फरवरी तक लगाए जाएंगे टीके

# जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार



**भोपाल, 14 फरवरी . भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस ) के अधिकारी मनीष सिंह ने शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है. वे परिवहन सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे.**

आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे.

> जनसंपर्क आयुक्त और माध्यम के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया.



# योनो ट्रॉफी क्रिकेट मैच चीफ सेक्रेटरी इलेवन ने जीता

**भोपाल, 14 फरवरी.** भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल द्वारा चीफ सेक्रेटरी इलेवन और सीजीएम इलेवन एवं के बीच आयोजित योनो ट्रॉफी क्रिकेट मैच शुक्रवार को हुआ। यह रोमांचक मुकाबला ओल्ड कैंपियन क्रिकेट ग्राउंड, भोपाल में हुआ. सीएस इलेवन के कप्तान अनुराग जैन एवं सीजीएम इलेवन के कप्तान प्रवास कुमार सुबुधि की उपस्थिति में टॉस हुआ. यह मुकाबला चीफ सेक्रेटरी इलेवन टीम ने 18 रनों से जीता. मैच में पहले बल्लेबाजी चीफ सेक्रेटरी इलेवन ने की और 167 रन 5 विकेट पर बनाएं जबकि सीजीएम इलेवन ने 20 ओवर में 149 रन 5 विकेट पर बनाए. चीफ सेक्रेटरी इलेवन ने 18 रनों से मैच में जीत दर्ज की। मैच में बेस्ट ऑलराउंडर भारतीय स्टेट बैंक के करण रहे, उन्होंने 27 रन बनाए और 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए. मैन ऑफ द मैच सीएस इलेवन टीम के हिमांशु चंदा रहे, उन्होंने 46 रन बनाए और एक विकेट लिया. बेस्ट बॉलर का अवॉर्ड अनुराग जैन को मिला.उन्होंने 4 ओवर में 27 रन देकर एक विकेट लिया और मैच का पासा पलट दिया.

# एम्स में रचनात्मक कार्यों से होगी तनाव मुक्ति की पहल

**भोपाल.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संस्थान से जुड़े संकाय सदस्यों विद्यार्थियों और कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए पेपर माशे कला कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। यह पहल रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से तनाव कम करने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है. कार्यशाला 16 से 18 फरवरी तक आयोजित होगी. इसमें प्रतिभागियों को पेपर माशे कला की तकनीक सिखाई जाएगी. जिसमें पुराने अखबार, गोंद और पानी के मिश्रण से मूर्तियां, मास्क और सजावटी वस्तुएं तैयार की जाती हैं.


## एस .एस .एल .जैन विधि महाविद्यालय

सौंठिया फाटक रोड, विदिशा ( म.प्र. ) 464001
Email-ssljainpgcollegevidisha077@gmail.com

**आवश्यकता है**

विधि महाविद्यालय में निम्न रिक्त पदों पर परिनियम-28 के अंतर्गत नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | 07 | एलएल.एम.55% अंक से उत्तीर्ण एवं नेट/सेट/पीएच.डी. | यू.जी.सी. नियमानुसार |
| 2 | व्याख्याता (विधि) | 03 | एलएल.एम.55% अंक से उत्तीर्ण | |
| 3 | वेतन | शासी निकाय द्वारा निर्धारत वेतनमान एवं शर्तें लागू होगी। | | |

1.इच्छुक आवेदक विज्ञापन प्रशासन से 15 दिवस के भीतर अपने आवेदन मय दस्तावेज महाविद्यालय कार्यालय को डाक द्वारा प्रेषित करें।
2.ऐसे आवेदक जिन्होंने 28/05/2025 की विज्ञप्ति के आधार पर आवेदन किया था वह भी पुन: आवेदन करना सुनिश्चित करें।
3.व्याख्याता पद हेतु नियुक्ति परिनियम-28 के अंतर्गत नहीं होगी।

सचिव
शासी निकाय एस.एस.एल.जैन महाविद्यालय,विदिशा



## GTV ENGINEERING LIMITED

CIN: L31102MP1990PLC006122
Regd. Office: 216-218, New Industrial Area-II, Mandideep-462046(MP)

**Extracts of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 31st December, 2025**

(Rs.in lakhs except EPS data).

| Particulars | Quarter Ended 31.12.2025 (Un-Audited) | Year Ended 31.12.2025 (Year to date figures) (Un-Audited) | Quarter Ended 31.12.2024 (Corresponding 3 Months Ended in Previous Year) (Un-Audited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations(net) | 2854.84 | 6955.39 | 2413.71 |
| Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional Items) | 767.94 | 1511.62 | 574.95 |
| Net Profit/(Loss) for the period Before tax(after Exceptional items) | 767.94 | 1511.62 | 574.95 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after extraordinary items). | 550.80 | 1110.76 | 422.52 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 550.80 | 1110.76 | 422.52 |
| Equity Share Capital | 937.16 | 937.16 | 937.16 |
| Reserve (excluding Revaluation Reserve as shown in Balance Sheet of the Previous Year) | 4414.19 | 4414.19 | 3325.18 |
| Earning Per Shares (for continue and discontine operations) | | | |
| Basic: | 1.18 | 2.37 | 0.90 |
| Diluted: | 1.18 | 2.37 | 0.90 |

1. The above is an extract of details format of Standalone Un-Audited Financial Results for Regulations 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Un-Audited Financial Result for the Quarter Ended 31st December, 2025 is available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.gtv.co.in).
2. The details Standalone Un-Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approve by the Board in their respective meeting held on 14th February, 2026.

Place: Mandideep (Bhopal)
Date: 14.02.2026

For and on behalf of Board
For GTV Engineering Limited
Mahesh Agrawal (Managing Director)



इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी
अभ्यासेन दक्षः

**ENTRANCE- 2026**
**INDIRA GANDHI RASHTRIYA URAN AKADEMI**
Fursatganj Airfield, Distt. Amethi (U.P.)-229302
(An Autonomous Body Under the Ministry Of Civil Aviation Govt. of India)
ISO 9001-2008 Certified
"PROVIDE WINGS TO DREAMS"
Join India's Best Flying & AME Training Institute

**Indira Gandhi Rashtriya Uran Akademi (IGRUA) invites applications for:**

1. 125 seats for Ab-initio to Commercial Pilot License course, scheduled to commence from July 2026 onwards in two batches.
2. 30 seats for Integrated "Aircraft Maintenance Engineering & B.Sc. Aircraft Maintenance Engineering" Programme approved by DGCA & affiliated to Rajiv Gandhi National AviationUniversity scheduled to commence from July 2026.

**1. Eligibility for Ab-initio to Commercial Pilot License course:-**
Must have passed English, Mathematics & Physics at 10+2 or equivalent and minimum marks obtained in above individual subjects for candidates in General Category are 50% and for candidates in SC, ST, EWS andOBC (belonging to non-creamy layer) category are 45%.Marital Status - Single, unmarried, Age: 28 years for General candidates,31 years for OBC and 33 years for SC/ST.Training fee: Rs. 55 Lacs plus Boarding -Lodging and other expenses extra.IGRUA also offers pilot aspirants B.Sc. Aviation degree along with their CPL training: Duration 3Years exclusively for CPL trainees at IGRUA.

**2. Eligibility for Integrated Aircraft MaintenanceEngineering & B.Sc. Programme:-**
Must have passed 10+2 examination in Physics and Maths or its equivalent (Diploma in engineeringrecognized by state technical education board where physics and maths have been studied as subject shall be considered as equivalent qualification. To prove the equivalence to 10 +2, the applicant isrequired to submit a certificate from applicable board/University). Minimum marks obtained in above individual subjects for candidates in General Category are 50% and for candidates in SC, ST, EWS andOBC (belonging to non-creamy layer) category are 45%.Training fee: Rs. 6,57,500/- plus Boarding - Lodging and other expenses extra.

**The last date of filling of ONLINE application is 13th Apr 2026 (fee payment by online mode). Thedate of online examination 03rd May 2026.** For detailed information and application formats etc. please visit "ENTRANCE" on IGRUA websitehttps://igrua.gov.in or Scan the QR code to apply

www.igrua.gov.in
+91 (11)24615370, 24655796.
+91 (535) 2978001 EXTN 414
From 9a.m. to 4:30 p.m. Mob: 7607088040
helpdesk-exam@igrua.gov.in query-amesch@igrua.gov.in

CBC03104/12/0004/2526



## नाम परिवर्तन सूचना

में मनोज कुमार रायकवार पुत्र स्व. श्री रामलाल रायकवार निवासी - Flat No. S-103, हार्मोनी कालोनी कटारा हिल्स भोपाल म.प्र. का निवासी हूँ। मेरी पुत्री की 10 वीं एवं 12 वीं CBSC की अंकसूची मे मेरा नाम मनोज रायकवार हो गया है मेरे दस्तावेजों मे मेरा नाम मनोज कुमार रायकवार अंकित है मुझे भविष्य मे इस नामसे जाना व पहचाना जायें

## NAME CHANGE

It is for general information that I, Daksh Bhadoriya S/o Keashav Sigh Rajput R/o Ward No. 03, Sardar Patel Pura, Kawad Mohalla, Itarsi, Dist. Hoshangabad, Madhya Pradesh-461111 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Keshav Singh Bhadoriya and Veena Bhadoriya in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of my father and my mother are Keshav Singh Rajput and Veena Rajput.

## NAME CHANGE

It is for general information that I, Daksh bhadoriya S/o Keshav Singh Rajput R/o Ward N03, Sardar Patel Pura, Kawad Mohlla, Itarsi, Hoshangabad, Madhya Pradesh - 461111 have changed my name and shall here after be known as Daksh Singh Rajput.

## -:आम-सूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुराधा कुशवाह आयु वयस्क पत्नी श्री राजेश कुशवाह निवासीः म.नं.-22, भेल शिवलोक फेस-03, एक्सटेंशन, खजूरी कलां तह, हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) ने एक किता प्लाट क्रमांक 58 कुल क्षेत्रफल 30X50=1500 वर्गफिट भूमि खसरा क्रमांक 14, 8/1 का अंश भाग स्थित गोपाल नगर, (गोपाल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल द्वारा विकसित कॉलोनी, नगर निगम सीमा के अंदर, वॉर्ड नं. 61 तह. हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार हैः-दिशा पूर्व में-25 फिट चौड़ा रोड़, दिशा पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 75, दिशा उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 59, दिशा दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 57, को विक्रेता श्री अभिषेक जैन आयु वयस्क आत्मज श्री नरेश चन्द्र जैन निवासी-गेरू बाला बंगला, आर्य नगर, मुरार गिर्द ग्वालियर (म.प्र.) से क्रय कर रहे हैं, उक्त प्लाट व उसके किसी भी भाग पर किसी भी प्रकार का हित, स्वामित्व, दखल, कब्जा, ऋणभार, प्रतिभूति, जमानत या बैंक ऋण, कोई शासकीय, अशासकीय अर्द्धशासकीय, संस्था, आदि या किसी व्यक्ति का बकाया बंधक, हस्तांतरण, विक्रय, गिरवी या अन्य कोई झगड़ा दावा हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज एवं सबूत के साथ इस आम सूचना प्रकाशन के 10 (दस) दिन के अंदर सम्पर्क करें। समयावधि पश्चात् कोई भी आपत्ति शून्य एवं प्रभावहीन होगी। अतः समय सीमा समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का पंजीयन करा लेगें। इसके बाद कोई भी आपत्ति या विरोध मान्य नहीं होगी।

**ममता सिंह** अधिवक्ता
शॉप नं. 64, नेहरू मार्केट
ई-सेक्टर बरखेडा भेल भोपाल
मो-9753713954, 7999521289



## वर्गीकृत विज्ञापन

### आवश्यकता

भोपाल में जनारोग्यम जेनेरिक मेडिकल स्टोर, दवाई की दुकान में कर्मचारियों की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन.

संपर्क करें 7000778283

नोट- सिर्फ मेडिकल स्टोर के अनुभवी ही संपर्क करें .

### फ्लैट बेचना है

शाहपुरा की प्राईम लोकेशन स्टर्लिंग एन्क्लेव में रोड फेसिंग 2.5 BHK, 850 sq ft. फर्स्ट फ्लोर, पार्किंग, सिक्योर्ड, कवर्ड केंपस सर्वसुविधायुक्त

सम्पर्कः मुकेश श्रीवास्तव
9752403206
9425004795

### FLAT FOR SALE

2 bhk flat available for sale Carpet area : 630 sq.ft Address: New MLA colony, Depot Chaurah, Jawahar chowk, near New market, Bhopal Price: 23 lacs

Contact No. 8582945297

### फार्म लैंड बेचना है

भोपाल विदिशा मुख्य मार्ग पर कर्क रेखा के पास, इंडियन पेट्रोल पंप के सामने, हाइवे पर स्थित फार्म लैंड 20200 वर्गफीट विक्रय करना है। कीमत 599 रुपए वर्गफिट। मोलभाव की गुंजाइश रहेगी।

सम्पर्कः जसवंत सिंह राजपूत
मो. 7869423521

### Rent

4 bhk semi furnished duplex available in rent katara hills hoshangabad road Rent 25 k

Contct no 7000091693, 7879130196